सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

संपादकः संजय बघेल

शनिवार 7 फरवरी 2026 E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 284 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए www.facebook.com/rashtrabaan www.twitter.com/rashtrabaan

न्यूज ब्रीफ

महाराष्ट्र के भिवंडी में कंपनी में आग लगी

भिवंडी। महाराष्ट्र के भिवंडी स्थित हरिहर कंपाउंड की एक कंपनी में रविवार को आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। फायर ऑफिसर सचिन सावंत के मुताबिक सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम जारी है।

कर्नाटक विजयपुरा में ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त

विजयपुरा। कर्नाटक के विजयपुरा जिले के बाबलेश्वर तालुक के मंगलूर गांव में रविवार को रेड बर्ड एविएशन का निजी ट्रेनिंग विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में कैप्टन और एक ट्रेनी पायलट सवार थे, दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। यह विमान कलबुर्गी से बेलगावी जा रहा था। उड़ान के दौरान इंजन में अचानक खराबी आ गई, जिससे पायलट कंट्रोल खो बैठे और खेत में क्रैश लैंडिंग हो गई।

दिल्ली के मंगोलपुरी में सिलेंडर फटा, 4 लोग घायल

नईदिल्ली। दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में एक घर में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। हादसे में चार लोग घायल हुए हैं। दिल्ली फायर सर्विसेज के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हादसा रविवार को हुआ। दोपहर 1:15 बजे सिलेंडर फटने की सूचना मिली। तुरंत एक फायर टेंडर मौके पर भेजी गई। अधिकारी ने बताया कि आग को महज 15 मिनट में पूरी तरह बुझा लिया गया। हमारी टीमों ने घर से चार घायलों को सुरक्षित निकाला।

गीजर फटने से निजामुद्दीन दरगाह के सज्जादानशीन की मौत

नईदिल्ली। दिल्ली हजरत निजामुद्दीन दरगाह के सज्जादानशीन सैयद मोहम्मद निजामी की मौत हो गई। निजामी शनिवार को बाथरूम में थे, जब गीजर फटने से वहां आग लग गई। स्थानीय लोग और दरगाह प्रशासन के अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू कर दिया।

राष्ट्रबाण

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

आतंकवाद पर कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं: तमिल भारत-मलेशिया को जोड़ती है

मोदी बोले- दोस्त से किया वादा निभाने मलेशिया आया

राष्ट्रबाण | कुआलालंपुर | एजेंसी
rashtrabaan.in

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मलेशिया दौरे का आज दूसरा दिन है। पीएम मोदी और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के बीच आज द्विपक्षीय बातचीत हुई। पीएम मोदी ने आतंकवाद पर अपना रुख कड़ा किया। उन्होंने कहा, 'आतंकवाद के बारे में हमारा संदेश बहुत स्पष्ट है, कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं। भारत और मलेशिया आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे।'

पीएम मोदी ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान तमिल भाषा की अहमियत पर भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है।

मोदी ने ऑडियो-विजुअल समझौते का जिक्र करते हुए कहा, 'मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।' पीएम मोदी ने मलेशियाई पीएम को अपना दोस्त बताया।

पीएम मोदी के भाषण की 10 बड़ी बातें

- एमओयू सहित 11 दस्तावेजों का आदान-प्रदान हुआ।
- भारत और मलेशिया के बीच कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ेगा।
- एआई और डिजिटल तकनीकों के साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी बढ़ेगी।
- 2025 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 18.59 अरब डॉलर तक पहुंचा।
- भारत सरकार मलेशिया के कोटा किनाबालू में वाणिज्य दूतावास (कॉन्सुलेट) खोलेगा।
- ऑडियो-विजुअल समझौते से तमिल फिल्मों और संगीत को बढ़ावा मिलेगा।
- मलेशिया में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट, मुफ्त ई-वीजा।
- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई डिजिटल इंटरफेस जैसी व्यवस्थाओं पर फोकस।
- स्थानीय मुद्रा में व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमति।
- आतंकवाद पर कड़ा रुख- कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।

मोदी बोले- यूपीआई और निःशुल्क ई-वीजा टूरिज्म को बढ़ाएगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलेशिया दौरे से जुड़ी फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उन्होंने कहा- भारत-मलेशिया की दोस्ती हमारे लोगों पर टिकी है। सामाजिक सुरक्षा समझौता, पर्यटन के लिए निःशुल्क ई-वीजा और मलेशिया में यूपीआई का आगमन हमारे लोगों को और भी करीब लाएगा और टूरिज्म को बढ़ावा देगा। मोदी ने बताया कि हम दोनों देश विश्वविद्यालय बढ़ाने और अपने युवाओं के लिए कौशल विकास के अवसर पैदा करने के लिए भी काम कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने 10वें सीईओ फोरम में भाग लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वें भारत-मलेशिया सीईओ फोरम के दौरान आज मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों के साथ बातचीत की। उन्होंने पेट्रोनास के अध्यक्ष और ग्रुप सीईओ तन श्री तेंगकु मुहम्मद तौफिक, बर्जया कॉर्पोरेशन बर्हाद के संस्थापक तन श्री दातो' सेरी विंसेंट, खजानाह नेशनल बर्हाद के डायरेक्टर दातो' अमीरुल फैसल वान जाहिर और फाइसन इलेक्ट्रॉनिक्स के संस्थापक दातो पुआ खेइन सेंग से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते कारोबारी संबंधों (बी2बी कनेक्शन्स) की सराहना की और मलेशियाई कंपनियों में भारत की विकास यात्रा के प्रति गहरी रुचि देखकर प्रसन्नता जताई।

तमिल भाषा मलेशिया की सांस्कृतिक जीवन का हिस्सा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, 'तमिल भाषा के प्रति साझा प्रेम भारत और मलेशिया को जोड़ता है। मलेशिया में तमिल भाषा की मजबूत और जीवंत उपस्थिति शिक्षा, मीडिया और सांस्कृतिक जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। मुझे पूरा विश्वास है कि आज हुए ऑडियो-विजुअल समझौते के साथ फिल्में और संगीत, खासकर तमिल फिल्में, हमारे दिलों को और करीब लाएंगी।' प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक जुड़ाव पर जोर दिया और तमिल भाषा और तमिल सिनेमा को लोगों के बीच भावनात्मक निकटता बढ़ाने का जरिया बताया। उन्होंने कहा कि यह समझौता फिल्म और संगीत के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देगा।

मोदी बोले- आतंकवाद के खिलाफ सहयोग मजबूत करेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'सुरक्षा क्षेत्र में हम आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई, खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को और मजबूत करेंगे। हम रक्षा सहयोग को भी अधिक व्यापक बनाएंगे।' उन्होंने बताया कि एआई और डिजिटल तकनीकों के साथ-साथ सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्रों में भी साझेदारी को आगे बढ़ाई जाएगी।

कर्नाटक में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन खेत में क्रैश

दोनों पायलट ने कूद कर जान बचाई; शुरूआती जांच में इंजन खराबी वजह

राष्ट्रबाण | बेंगलुरु | एजेंसी
rashtrabaan.in

कर्नाटक के विजयपुरा जिले में रविवार को एक खेत में प्राइवेट ट्रेनी प्लेन क्रैश हो गया। जमीन पर गिरने से पहले ही दोनों पायलट ने इजेक्ट कर लिया। उन्हें हल्की चोटें आई हैं। घटना बालेश्वर क्षेत्र मंगलुरु गांव में हुई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह रेड बर्ड एविएशन का एक प्राइवेट ट्रेनी एयरक्राफ्ट है।

संघ कहे तो पद छोड़ दूंगा : कोई भी हिंदू आरएसएस प्रमुख बन सकता है : भागवत

सावरकर को भारत रत्न देने से पुरस्कार की गरिमा बढ़ेगी

राष्ट्रबाण | मुंबई | एजेंसी
rashtrabaan.in

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि यदि संघ उनसे पद छोड़ने को कहेगा, तो वे तुरंत ऐसा करेंगे। आमतौर पर 75 साल की उम्र के बाद किसी पद पर नहीं रहने की परंपरा की बात कही जाती है।

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि सरसंघचालक बनने के लिए क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र या ब्राह्मण होना कोई योग्यता नहीं है। जो हिंदू संगठन के लिए काम करता है। वही सरसंघचालक (आरएसएस प्रमुख) बनता है। भागवत रविवार को मुंबई में आरएसएस के शताब्दी वर्ष कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि वीर सावरकर को भारत रत्न दिया गया तो इससे पुरस्कार की गरिमा और बढ़ेगी। समान नागरिक संहिता सभी को विश्वास में लेकर बनाई जानी चाहिए और इससे समाज में मतभेद नहीं बढ़ने चाहिए।

उम्मीद है कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हितों को ध्यान में रखकर किया गया होगा और देश को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

राजस्थान समेत 5 राज्यों में सुबह-शाम की सर्दी : मप्र के 11 जिलों में पारा 10डिग्री से नीचे

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

मौसम विभाग ने देश के किसी भी राज्य में रविवार के लिए कोई अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल में हुई बर्फबारी के कारण उत्तर भारत के सभी राज्यों में अभी भी सर्दी का असर है।

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ और चंडीगढ़ में सुबह और शाम सर्दी हो रही है। जबकि दिन के समय कई जिलों में पारा 30ए का आंकड़ा पार कर रहा है। इन राज्यों में फरवरी में ही मार्च जैसी गर्मी का अहसास होने लगा है। हालांकि मध्य प्रदेश और बिहार का मौसम एक बार फिर बदल गया है। एमपी के 11 जिलों और बिहार के 4 जिलों में टेंपरेचर 10 एष्ट से कम रहा।

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर समेत बाकी जिलों में सुबह-शाम हल्की सर्दी पड़ रही है, जबकि दिन में गर्मी का एहसास हो रहा है। यूपी में आज से पारा चढ़ने वाला है। बिहार में 13 फरवरी से मौसम बदलेगा। रविवार को चेन्नई में कोहरे के कारण विजिबिलिटी कम रही। सुबह 9 बजे तक कोहरा छाए रहने के कारण 3 फ्लाइट्स को तिरुचिरापल्ली डायवर्ट करना पड़ा। चेन्नई में कोहरे का कारण ज्यादा नमी, धीमी रफ्तार की हवाएं और रात के समय कम तापमान था। हिमालयी राज्य उत्तराखंड और हिमाचल में मौसम विभाग ने 9 फरवरी से ऊंचे इलाकों में बर्फबारी का अनुमान जताया है। 10 फरवरी को दोनों ही प्रदेशों में बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

आज हिमाचल प्रदेश में एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस रात से प्रभावी होगा, ऊपरी इलाकों बर्फबारी, मैदानी इलाकों में कोहरा सुबह कम हो सकता है।

गोगोई का मामला गृह मंत्रालय भेजेगी असम सरकार

सीएम हिमंता के आरोप- कांग्रेस सांसद की पत्नी के पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध

राष्ट्रबाण | गुवाहाटी | एजेंसी
rashtrabaan.in

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई के पाकिस्तान कनेक्शन मामले को केंद्रीय गृह मंत्रालय भेजेगी। असम कैबिनेट ने शनिवार को यह फैसला लिया। जिसके बारे में रविवार को मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी।

असम सरकार कांग्रेस सांसद गौरव की पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न का ओसीआई/वीजा रद्द करने की मांग भी करेगी क्योंकि उनकी मौजूदगी भारत के लिए नुकसानदायक है।

असम सीएम का आरोप है कांग्रेस सांसद गौरव और उनकी पत्नी एलिजाबेथ, पाकिस्तानी एजेंट अली तौकीर शेख के बहुत करीब हैं। एक पाकिस्तानी फर्म ने गौरव की पत्नी को नौकरी दी, फिर उन्हें भारत ट्रांसफर कर दिया। एलिजाबेथ भारत से जुड़ी कई जानकारियां इकट्ठा करती थीं और पाकिस्तानी नागरिक अली शेख को रिपोर्ट देती थीं। अली तौकीर शेख एलिजाबेथ को इस काम के लिए सैलरी देता था। हिमंता ने यह भी दावा किया कि अली तौकीर 2010 से 2013 के बीच 13 बार भारत आया था। उसका मकसद दुनिया में भारत विरोधी नैरेटिव तैयार करना था।

गौरव गोगोई बोले- हिमंता ने असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की

असम सीएम की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर गौरव गोगोई ने कहा कि हिमंता बिस्वा सरमा ने मीडिया के सामने मंच पर खुद को शर्मिंदा किया। असम में कोई उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेता। असम कांग्रेस अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि हिमंता परिवार ने कथित तौर पर पूरे असम में 4,000 एकड़ जमीन कैसे हासिल की। उन्होंने कहा कि राज्य में भविष्य की कांग्रेस सरकार ऐसी जमीनों को गरीबों में बांट देगी।

गौरव को अरेस्ट किया तो चुनाव से पहले राजनीति का आरोप लगेगा- हिमंता

प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिमंता ने बताया कि हमने मौजूदा सांसद गौरव गोगोई से पाकिस्तान कनेक्शन के बारे में पूछताछ नहीं की है। हमने उनके पद की गरिमा का सम्मान करते हुए यह मामला केंद्र पर छोड़ दिया है। हिमंता ने यह भी कहा कि अगर अब गौरव गोगोई को गिरफ्तार करने जैसा कदम उठाया तो मुझ पर असम विधानसभा चुनावों से पहले राजनीति करने का आरोप लगेगा। हिमंता ने कहा एलिजाबेथ ने आईएसआई सूत्रों से क्लाइमेट एक्शन के बारे में जानकारी इकट्ठा कीं। गौरव गोगोई ने चुनावी हलफनामे में पत्नी के पाकिस्तानी बैंक खाते के बारे में नहीं बताया।

कोटा में जिस रेस्टोरेंट के कारण हादसा वो अवैध : अब जर्जर इमारतों का होगा सर्वे

आरोप-अधिकारियों की लापरवाही के कारण बिल्डिंग गिरी

राष्ट्रबाण | कोटा | एजेंसी
rashtrabaan.in

राजस्थान के कोटा में एक 3 मंजिला बिल्डिंग ढह गई। दावा किया जा रहा है जिस रेस्टोरेंट की बिल्डिंग के कारण हादसा हुआ वो अवैध है। इस रेस्टोरेंट को करीब दो महीने पहले ही नगर निगम ने बंद करा दिया था।

फिर भी इसमें निर्माण काम हो रहा था। शनिवार रात को यहां के कंस्ट्रक्शन के कारण पड़ोस वाले दिल्ली रेस्टोरेंट की बिल्डिंग ढह गई। इसमें एक कोचिंग स्टूडेंट सहित दो की मौत हो गई। जबकि, 5 लोग गंभीर घायल हैं।

डीएसपी योगेश शर्मा ने बताया- रेस्टोरेंट के कर्मचारी भूपेंद्र मीणा की शिकायत पर पास वाले मुरादाबादी रेस्टोरेंट संचालक और बिल्डिंग मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद प्रशासन ने तय किया कि कोटा शहर में मौजूद सभी खंडहर, जर्जर और निर्माणाधीन इमारतों का सर्वे कराया जाएगा। दो से तीन दिन के भीतर यह सर्वे पूरा किया जाएगा।

स्थानीय लोगों का दावा- पहले भी की थी शिकायत

बिल्डिंग हादसे को लेकर लोगों में नाराजगी है। पार्षद योगेश आहलूवालिया ने बताया - हादसा पूरी तरह से निगम की लापरवाही, बिल्डिंग मालिक की लापरवाही की वजह से हुआ। जो रेस्टोरेंट ढहा है और इसके पास वाले मुरादाबादी रेस्टोरेंट को 2 महीने पहले भी बंद करवाया गया था।

मोबाइल पर किसी भी क्लास का लेक्चर पसंदीदा टीचर की आवाज में मिलेगा

शिक्षा में एआई- पढ़ाई के लिए यूपीआई जैसा प्लेटफॉर्म बनेगा

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी
rashtrabaan.in

एआई से देश की शिक्षा व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। पढ़ाई के लिए यूपीआई जैसा राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए स्कूल-कॉलेज के किसी भी विषय का कोई भी टॉपिक मोबाइल पर ऑडियो और वीडियो में उपलब्ध होगा। छात्र अपनी पसंद की भाषा और टीचर की आवाज में लेक्चर सुन सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म 'भारत बोधन एआई स्टैक' के नाम से विकसित किया जा रहा है। जिस तरह भीम, गूगलपे, पेटीएम और फोनपे जैसे ऐप यूपीआई पर काम करते हैं, उसी तरह शिक्षा से जुड़े मोबाइल ऐप 'भारत बोधन' एआई स्टैक पर काम करेंगे।

सवाल पूछते ही तैयार होगा कस्टमाइज्ड लेक्चर

यह प्लेटफॉर्म पूरी तरह कस्टमाइज होगा। छात्र जैसे सवाल पूछेगा, उसी के अनुसार लेक्चर तैयार होगा। छात्र ऑडियो या वीडियो का ऑप्शन चुन सकेंगे। भाषा बदलने पर भी शिक्षक का टोन और पढ़ाने का अंदाज वही रहेगा। यह इंटरेक्टिव होगा, जिससे छात्र सवाल पूछकर तुरंत जवाब पा सकेंगे।

12 फरवरी को 'बोधन एआई' की औपचारिक शुरुआत

शिक्षा में एआई के संस्थागत उपयोग को बढ़ावा देने के लिए 12 फरवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 'बोधन एआई' पहल की औपचारिक शुरुआत की जाएगी। इस मौके पर 'भारत बोधन एआई कॉन्क्लेव' में चुनिंदा एआई समाधानों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

आईआईटी मद्रास में सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित

शिक्षा मंत्रालय ने आईआईटी मद्रास में एआई इन एजुकेशन के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस की स्थापना की है। इसे 'आईआईटी मद्रास बोधन एआई फाउंडेशन' नाम दिया गया है। इस केंद्र को भारत बोधन एआई स्टैक के तहत स्केलेबल एआई समाधान विकसित करने की जिम्मेदारी दी गई है। मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, 12वीं का कोई छात्र अगर ऑप्टिक्स पढ़ना चाहता है तो वह प्लेटफॉर्म पर विषय चुन सकेगा।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 9 फरवरी 2026

शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंघनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढार • जैतपुर

महिला सशक्तिकरण से संस्कृति का निरंतर उत्थानः मुख्यमंत्री

आर्थिक विकास में मध्यप्रदेश देश का अग्रणी राज्य बना, शहडोल को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

सच्चा वादा-पक्का काम राज्य सरकार की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनजातीय समाज सहित सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धनपुरी नगर परिषद में अत्याधुनिक वाटर पार्क, स्विमिंग पूल एवं क्लब हाउस के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज और संस्कृति का उत्थान संभव है। सरकार द्वारा लाडली बहना योजना, लखपति दीदी, ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से मातृशक्ति को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय माताओं-बहनों का है और हमारी सनातन संस्कृति उन्हीं के आधार पर पुष्पित-पल्लवित होती रही है। मुख्यमंत्री ने माता शबरी जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता और जातिगत भेदभाव को समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नदियों का मायका है, जहां 250 से अधिक नदियां प्रवाहित होती हैं। वर्ष 2002 से 2023 के बीच प्रदेश में सिंचाई रकबा 7.5 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 44 लाख हेक्टेयर हो गया है।

सोन नदी माइक्रो सिंचाई परियोजना की घोषणा

मुख्यमंत्री ने शहडोल सिंचाई कॉम्प्लेक्स की घोषणा करते हुए बताया कि सोन नदी पर चार माइक्रो सिंचाई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। लगभग 2300 करोड़ रुपये की लागत से 50 हजार हेक्टेयर अतिरिक्त सिंचाई क्षमता विकसित होगी, जिससे 122 गांव लाभान्वित होंगे।

कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री के काफिले को दिखाया काला झंडा

बुढ़ार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अंकित सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के काफिले को काला झंडा दिखाकर जोरदार विरोध दर्ज कराया। यह विरोध मुख्यमंत्री के धनपुरी आगमन के दौरान किया गया। कांग्रेस ने प्रदेश सरकार की नीतियों, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लेकर यह प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पहले ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क था। संभावित विरोध को देखते हुए पुलिस ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रणनीति के तहत अलग-अलग समूहों में पहुंचकर अपने मंसूबों को अंजाम दिया और मुख्यमंत्री के काफिले के सामने काला झंडा दिखाने में सफल रहे। इस दौरान कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभालते हुए प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को हटाया और स्थिति को नियंत्रित किया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में विरोध उनका अधिकार है और सरकार जनता की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है।

सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य की सौगात

मुख्यमंत्री ने गीता भवन निर्माण, शहडोल मेडिकल कॉलेज में सीट वृद्धि, 160 करोड़ रुपये की लागत से 45 किलोमीटर सड़क निर्माण, जैतपुर को नगर पंचायत बनाने, नए महाविद्यालय की स्थापना और 3 किलोमीटर मॉडल रोड निर्माण की घोषणाएं कीं।

धनपुरी का अत्याधुनिक वाटर पार्क

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लगभग 20 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ में बने धनपुरी वाटर पार्क का निरीक्षण किया। वाटर पार्क में स्विमिंग पूल, एक्वा टॉवर, आधुनिक साउंड सिस्टम, रेस्टोरेंट, कॉन्फ्रेंस एवं बैंक्वेट हॉल, पार्किंग जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हैं।

यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, विधायक जय सिंह मरावी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मजदूरों की जान से खिलवाड़, सड़कों पर खतरा

पिकअप वाहनों से ढोए जा रहे श्रमिक, बड़े हादसे की आशंका, आदेशों के बाद भी कार्रवाई नदारद

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमों को ताक पर रखकर मजदूरों को पिकअप वाहनों में भरकर ढोने का सिलसिला खुलेआम जारी है। यह गंभीर लापरवाही किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है, लेकिन परिवहन विभाग और यातायात पुलिस मानो आंख मूंदे बैठी है। स्थिति यह है कि माननीयों के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अब तक इस अवैध गतिविधि पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है।

वाहनों में ठूंस-ठूंस कर भरे जा रहे मजदूर

सुबह और शाम के समय नगर की मुख्य सड़कों, ग्रामीण इलाकों और निर्माण स्थलों की ओर जाने वाले मार्गों पर पिकअप वाहनों में ठूंस-ठूंस कर मजदूरों को ले जाया जा रहा है। इन वाहनों में न तो बैठने की उचित व्यवस्था होती है और न ही किसी प्रकार के सुरक्षा इंतजाम। कई बार मजदूर वाहन के किनारों पर लटककर या ऊपर बैठकर सफर करने को मजबूर होते हैं, जिससे उनकी जान हर पल जोखिम में रहती है।

पहले भी हो चुके हैं हादसे

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही पहले भी कई दुर्घटनाओं को जन्म दे चुकी है। इसके बावजूद न तो वाहन चालकों पर सख्ती बरती जा रही है और न ही संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई हो रही है। नियमों के अनुसार मालवाहक वाहनों में सवारी ढोना पूरी तरह प्रतिबंधित है, फिर भी यह अवैध गतिविधि रोजमर्रा का दृश्य बन चुकी है।

बैठकों का भी नहीं दिखा असर

जानकारों की माने तो कुछ समय पूर्व जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठकों में इस मुद्दे पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। मजदूरों को लाने-ले जाने के लिए केवल पंजीकृत यात्री वाहनों के उपयोग के निर्देश भी दिए गए थे लेकिन जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं। इससे विभागीय कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जोखिम उठाने को मजबूर मजदूर

मजदूरों का कहना है कि उनके पास कोई विकल्प नहीं होता। समय पर काम पर पहुंचने का दबाव और वैकल्पिक परिवहन साधनों की कमी के कारण वे मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं। जानकारों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो कोई बड़ी दुर्घटना प्रशासन की निष्क्रियता को उजागर कर सकती है।

कागजी आदेशों से आगे बढ़े विभाग

अब आवश्यकता है कि परिवहन और यातायात विभाग केवल कागजी आदेशों तक सीमित न रहें बल्कि सड़कों पर उतरकर नियमित जांच, चालान और वाहनों की जब्ती जैसी प्रभावी कार्रवाई करें। साथ ही मजदूरों की सुरक्षित आवाजाही के लिए वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि विकास की दौड़ में श्रमिकों की जान की कीमत न चुकानी पड़े।

रेलवे स्टेशन मार्ग निर्माण कार्य शुरू, पार्षद की मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

गुणवत्ता पर विशेष जोर, चलित लैब से सड़क निर्माण सामग्री की हुई जांच

नगर पालिका परिषद शहडोल क्षेत्र अंतर्गत शहर के प्रमुख शेर चौक से रेलवे स्टेशन तक जाने वाले मुख्य मार्ग के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है। लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़ी इस सड़क के निर्माण शुरू होने से आम नागरिकों, व्यापारियों एवं रेलवे यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। निर्माण कार्य का शुभारंभ स्थानीय पार्षद विकास तिवारी की मौजूदगी में किया गया, जिन्होंने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर कार्य प्रारंभ कराया। इस दौरान पार्षद विकास तिवारी ने निर्माण एजेंसी एवं नगर पालिका के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग शहर का अत्यंत व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्ग है, जहां से प्रतिदिन हजारों नागरिक, स्कूली बच्चे, व्यापारी और यात्री आवागमन करते हैं। ऐसे में सड़क की मजबूती और टिकाऊपन प्राथमिकता में होना चाहिए।

स्थानीय लोगों ने जताई खुशी

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर स्थानीय नागरिकों ने खुशी जाहिर की। उनका कहना है कि बारिश के मौसम में इस मार्ग पर जलभराव और गड्ढों के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। नई सड़क बनने से यातायात सुचारु होगा और लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। नगर पालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित समय-सीमा में सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ विकास कार्य कराए जाते रहेंगे। यह परियोजना शहडोल शहर के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

नपा अमला

सड़क निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता की जांच के लिए नगर पालिका का अमला भी मौके पर मौजूद रहा। नगर पालिका के इंजीनियर द्वारा चलित लैब (मोबाइल टेस्टिंग वैन) के माध्यम से सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की जांच की गई। इस दौरान गिट्टी, डामर सहित अन्य निर्माण सामग्री के नमूने लेकर परीक्षण किया गया, ताकि कार्य मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके। इंजीनियर ने बताया कि सड़क निर्माण की प्रत्येक परत की नियमित जांच की जाएगी और यदि कहीं भी मानक से कम गुणवत्ता पाई जाती है तो तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रारंभिक परीक्षण में निर्माण सामग्री गुणवत्ता मानकों पर खरी पाई गई, जिससे नगर पालिका प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया।

गंधिया ग्राम बनेगा धार्मिक आस्था व पर्यटन का केंद्र, 2300 करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं से किसान होंगे समृद्ध

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले के ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंधिया में माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण करते हुए जयसिंहनगर और ब्यौहारी क्षेत्र को 767 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात दी। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार विरासत से विकास की राह प्रशस्त कर रही है और माता शबरी की भक्ति के गौरवशाली इतिहास को आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विंध्य क्षेत्र की यह पावन भूमि भगवान श्रीराम के चरणों से पवित्र है। चित्रकूट के साथ-साथ गंधिया ग्राम में भी भगवान राम ने माता शबरी को दर्शन दिए थे। हमारी सरकार सनातन परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करती है। आयोध्या, सोमनाथ और उज्जैन हमारी सनातन पहचान हैं।

सिंचाई परियोजनाओं से क्षेत्र का किसान होगा समृद्ध

मुख्यमंत्री ने बताया कि बुढ़ार, गोहपारू और जयसिंहनगर माइक्रो सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2300 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इन परियोजनाओं से शहडोल अंचल के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलेगी और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। जयसिंहनगर बाईपास, औद्योगिक केंद्र और अस्पताल उन्नयन की घोषणा मुख्यमंत्री ने रीवा-शहडोल मार्ग पर जयसिंहनगर में बाईपास निर्माण, ब्यौहारी-जयसिंहनगर के बीच औद्योगिक विकास केंद्र की स्थापना तथा बुड़वा स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन करने की घोषणा की। औद्योगिक केंद्र से हजारों युवाओं को रोजगार मिलने की संभावना है।

गंधिया और सीतामढ़ी बनेंगे धार्मिक व पर्यटन केंद्र

मुख्यमंत्री ने गंधिया ग्राम और सीतामढ़ी को धार्मिक, आस्था एवं पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की। साथ ही संजय टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ब्यौहारी की ओर नया प्रवेश द्वार खोलने की बात कही। आमडीह उप तहसील को तहसील में उन्नयन का भी आश्वासन दिया गया।

मुख्यमंत्री ने जयसिंहनगर-ब्यौहारी को दी 767 करोड़ की विकास सौगातें

जनजातीय संस्कृति का सम्मान, कन्या पूजन कर दिया संदेश

समारोह में मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन कर बेटियों का सम्मान किया और विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए। उन्होंने आदिवासी वीरों और शहीदों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि उनके बलिदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सीतामढ़ी मंदिर में भगवान श्रीराम के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। समारोह स्थल पर पारंपरिक आदिवासी शैला एवं करमा नृत्य से मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह, विधायक ब्यौहारी शरद जुगलाल कोल सहित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय विकास से जुड़ी मांगें रखीं। बड़ी संख्या में आमजन, प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महिला सशक्तिकरण और किसानों के कल्याण पर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडली बहना योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपये दिए जा रहे हैं। किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और सिंचाई विस्तार से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो रही है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 9 फरवरी 2026

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

- प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना और पुरानी पेंशन बहाली की मांग
- शिवाजी ऑडिटोरियम में सभा के बाद निकली रैली, लंबित मांगों पर दिया अल्टीमेटम

19 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने निकाली पेंशन रैली

बैतूल| संवाददाता
rashtrabaan.in

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के आह्वान पर रविवार को जिला मुख्यालय पर पेंशन रैली आयोजित की गई। दोपहर में शिवाजी ऑडिटोरियम में सभा आयोजित होने के बाद शिक्षकों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। रैली में जिले भर से लगभग 800 अध्यापक शिक्षक संवर्ग के सदस्य शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष विनयसिंह राठौड़, लख्मीचंद लिल्होरे, राजेश गंगारे, गजेंद्र सोलंकी, दशरथ धुर्वे, जयपाल बारपेठे, विजय पंवार, महेंद्र भारती, कैलाश धाकड़, मनोज आर्य, मुकेश उपराले, महादेव कास्देकर, संजय लहरपुरे, श्रीमती मंजुला बौरासी, श्रीमती कुसुम साबले, इंद्रजीत सिंह कश्यप, देवानंद धुर्वे, हेमराज बेले, जितेंद्र वागद्रे, सुनिल आर्य और काशीराम बिहारे ने कहा कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

पेंशनरों की 19 सूत्रीय मांगे

ज्ञापन में प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुए पेंशन और ग्रेच्युटी का लाभ देने, एक जनवरी 2026 से आठवां वेतनमान लागू करने, एनपीएस कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने, दिवंगत शिक्षकों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने और गुरुजियों को प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता देने की मांग की गई। जनजाति कार्य विभाग में कार्यरत शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग में मर्ज करने, सितंबर 2022 की हड़ताल अवधि का वेतन भुगतान करने, रिक्त पदों के 50 प्रतिशत पर पदोन्नति देने और तीन संतान वाले कर्मचारियों को प्रशासनिक कार्रवाई से मुक्त करने की भी मांग उठाई गई।

इसके अलावा कैशलेस मेडिकल सुविधा, विभागीय मर्ज के मामलों में क्रमोन्नति व पदोन्नति लाभ, सेवानिवृत्त शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना कर ग्रेच्युटी, गुरुजी व संविदा शिक्षकों को न्यूनतम वेतन, अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण, माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान शिक्षक पद अनिवार्य करने, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, शनिवार-रविवार अवकाश या अर्जित अवकाश पात्रता, सीआर मान्यता तथा ई-अटेंडेंस को सभी विभागीय कर्मचारियों पर समान रूप से लागू करने की मांग भी शामिल रही। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

मेहरा समाज की अनुकरणीय पहल

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हर घर में लगाए फलदार पौधे

बैतूल| संवाददाता
rashtrabaan.in

पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित शासन की पहल एक पेड़ मां के नाम से प्रेरित होकर भैंसदेही तहसील की ग्राम पंचायत कौड़ी के ग्राम कौड़िया में मेहरा समाज द्वारा रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मेहरा समाज के सदस्यों ने हर घर में एक फलदार वृक्ष लगाने का संकल्प लेते हुए अंजीर, नारियल, बादाम, चीकू, लीची, नाशपाती, सुपारी, स्टार फ्रूट सहित अन्य फलदार पौधों का रोपण किया। जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पोषण और हरियाली को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मेहरा समाज के अध्यक्ष श्री दिनेश बडोदे, सचिव श्री प्रमोद बेले सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से विवेक बेले, शैलेश, दीपराज, नागेश, सुमित बेले, रोहित, अरुण, छोटू, राजू, गौतम, सुरेश, शिवदयाल,सुनील बेले, जगदीश हरसुले,रंगीलाल मेश्राम, गोविंदा नागले, दुर्गादास, महेश हरसुले, राज, कैलाश, मनोज एवं मनीष बडोदे शामिल थे। सभी सदस्यों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।

पेंशनरों का 11 फरवरी को बिजली ऑफिस केम्पियन हाउस में एक दिवसीय धरना

बैतूल| संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल पेंशनर संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर 11 फरवरी को लिंक रोड, टिकारी स्थित बिजली ऑफिस के केम्पियन हाउस में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। म.प्र.वि.म. पेंशनर एसोसिएशन के संगठन सचिव प्रकाश मांडवे ने पेंशनरों से अपील की है कि इस आंदोलन को किसी भी स्थिति में हल्के में न लें, क्योंकि यह उनके भविष्य से जुड़ा हुआ गंभीर मुद्दा है। यदि इस लड़ाई में पेंशनर असफल होते हैं तो उनका भविष्य प्रभावित हो सकता है और इसकी जिम्मेदारी स्वयं पेंशनरों पर होगी। संयुक्त मोर्चा ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है। प्रत्येक पेंशनर से यह भी अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ कम से कम दो या तीन अन्य साथियों को प्रेरित कर धरना स्थल पर लेकर आएं। आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिलेभर के पेंशनरों से सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की गई है।

वीबीजी रामजी अभियान से ग्रामीण रोजगार को नई दिशा देगा

बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी (वीबीजी) रामजी अभियान ग्रामीण रोजगार और आजीविका मिशन को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत अब 100 की जगह 125 दिन का रोजगार मिलेगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में 20 साल पुरानी कमियां दूर होंगी। खंडेलवाल ने यह बात बैतूल स्थित भाजपा जिला कार्यालय विजय भवन में आयोजित बैतूल विकासखंड सम्मेलन में कही। उन्होंने इस योजना को एक नई साइकिल के समान बताया, जो परिवारों को पुरानी और खस्ताहाल साइकिल की जगह बेहतर विकल्प प्रदान करेगी।

शिव बारात में उज्जैन की ख्याति प्राप्त झांझ-डमरू टीम देगी विशेष प्रस्तुति

30 कलाकारों के साथ आएगा श्री भस्म रमैया भक्त मंडल उज्जैन

बैतूल| संवाददाता
rashtrabaan.in



महाशिवरात्रि पर्व पर 15 फरवरी को निकलने वाली देवाधिदेव महाकाल की भव्य शिव बारात को इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर का सांस्कृतिक स्वरूप मिलने जा रहा है। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति, बैतूल के अनुसार शिव बारात में उज्जैन की ख्याति प्राप्त झांझ-डमरू टीम विशेष प्रस्तुति देगी, जिससे आयोजन की भव्यता और धार्मिक ऊर्जा और अधिक बढ़ेगी।

समिति के मोनू यादव ने बताया कि शिव बारात में उज्जैन का श्री भस्म रमैया भक्त मंडल अपने 30 साथियों के साथ शामिल होगा। यह दल शिव प्रिय वाद्य यंत्र डमरू की प्रस्तुति के लिए देशभर में प्रसिद्ध है और भारत के कई बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतिया दे चुका है।

फिल्म हरिहर वीर मल्लू में भी दे चुके हैं प्रस्तुति

मोनू यादव ने बताया कि श्री भस्म रमैया भक्त मंडल उज्जैन साउथ के सुपरस्टार पवन कल्याण के साथ फिल्म हरिहर वीर मल्लू में भी अपनी प्रस्तुति दे चुका है। इस प्रतिष्ठित टीम की सहभागिता से बैतूल की शिव बारात को विशेष पहचान मिलने की संभावना है।

21 सदस्यों को सौंपी गई टीका आयोजन की जिम्मेदारी

ओंकारेश्वर के टीका आयोजन की जिम्मेदारी सोनल पाटिल, रीता दत्त, कशिश तातेड, रानी राठौड़, कविता मालवीय, लता सोनी, सरिता पवार, वंदना रघुवंशी, निर्मला यादव, पिंकी नामदेव, माधुरी नामदेव,प्रदीप तिलनते, बिट्टू ठाकुर, निक्की राजपूत, गजेन्द्र दत्त, अक्षय तातेड, तथागत मिश्रा, सागर करकरे, लक्की यादव, मोनू यादव,सनी ठाकुर और बंटी आरसे को सौंपी गई है। समिति के अनुसार सभी सदस्य आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

आज संपन्न होगा ओंकारेश्वर का टीका, परंपरागत रस्में जारी

समिति के अमन सोनकपुरिया ने जानकारी दी कि आज सोमवार शिव विवाह उत्सव अंतर्गत ओंकारेश्वर का टीका संपन्न होगा। यह रस्म पारंपरिक विधि-विधान के साथ श्रद्धा और भक्ति भाव से आयोजित की जा रही है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रहेगी। महाकाल मंदिर में विराजित शिवलिंग का श्रृंगार परंपरागत विधि-विधान के अनुसार मूर्ति कलाकार सुनील प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर चल रहे मंगलोत्सवों के अंतर्गत पुष्प, भस्म, बेलपत्र और अन्य पूजन सामग्री से शिवलिंग को विशेष रूप से सजाया जा रहा है, जिससे पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित हो रहा है।

लाखों रुपये की लागत से बनी पानी की टंकी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी

बैतूल| संवाददाता
rashtrabaan.in

बैतूल विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेलगांव में पीएचई विभाग द्वारा निर्मित पानी की टंकी में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही एवं निगरानी के अभाव में टंकी का निर्माण अत्यंत घटिया गुणवत्ता से किया गया, जिसके चलते वह क्षतिग्रस्त हो गई है।

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में खराब रेत, निम्न स्तर का सीमेंट एवं घटिया सरिया का उपयोग किया गया है। बिना समुचित तकनीकी जांच एवं गुणवत्ता परीक्षण के ही क्षतिग्रस्त टंकी को ग्राम पंचायत को हैंडओवर कर दिया गया। वर्तमान में टंकी से पानी रिसता हुआ दिखाई दे रहा है, जिससे यह पेयजल आपूर्ति के लिए अनुपयोगी हो गई है।

सूचना प्राप्त होते ही आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता श्रीराम मानकर एवं विशाल भालेकर मौके पर पहुंचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए इसे जनता के साथ अन्याय बताया।

कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा दोषी विभागीय अधिकारियों एवं ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो। साथ ही क्षतिग्रस्त टंकी को ध्वस्त कर पुनः मानक अनुसार नई पानी की टंकी का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके।

श्रम संहिताओं और निजीकरण के विरोध में एकजुट होंगे मजदूर

12 की आम हड़ताल को लेकर सीटू की रणनीति बैठक

बैतूल| संवाददाता
rashtrabaan.in

जिला सीटू यूनियन की विशेष बैठक 6 फरवरी शुक्रवार को कामरेड डीके दत्ता के निवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीटू यूनियन के जिला अध्यक्ष कामरेड कुंदन राजपाल ने की, संचालन महासचिव कामरेड जगदीश डिगरसे ने किया। बैठक में 12 फरवरी को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और इसे सफल बनाने की रणनीति तय की गई।

जिला अध्यक्ष कामरेड कुंदन राजपाल ने कहा कि यह हड़ताल केंद्र की भाजपा सरकार की श्रम विरोधी नीतियों और चार नई श्रम संहिताओं के विरोध में है, जिनसे करोड़ों कामगारों, मजदूरों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, मिड डे मील वर्करों, खेतीहर मजदूरों, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों तथा आउटसोर्सिंग कर्मियों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 किए जा रहे हैं और यूनियन बनाने के अधिकार पर भी प्रहार किया जा रहा है। साथ ही निजीकरण को बढ़ावा देकर देश की संपदा पूंजीपतियों के हाथों सौंपी जा रही है। बैठक में सभी श्रमिक वर्गों से 12 फरवरी की हड़ताल को सफल बनाने के लिए एक मंच पर आने की अपील की गई। कामरेड जगदीश डिगरसे, कामरेड पंकज साहू और कामरेड डीके दत्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका एकता यूनियन की महासचिव पुष्पा वाईकर, उपाध्यक्ष आशा सूरजे, ऑटो चालक एकता यूनियन के अध्यक्ष मनोहर आठनकर, उपाध्यक्ष संजू आठनकर, राशिद खान तथा कोयला क्षेत्र से कामरेड विवेकानंद सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

निर्णय लिया गया कि 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे शहीद भवन प्रांगण में एकत्र होकर प्रदर्शन किया जाएगा और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

क्या पुलिस प्रताड़ना बनी आदिवासी की मौत की वजह?

सारनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

सारनी वार्ड क्रमांक 32 में निवास करने वाले कोलमाइंस से रिटायर्ड एक आदिवासी व्यक्ति भैयालाल बेठे ने पुलिस की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृत व्यक्ति के परिवार वालों ने बताया कि दो दिन से लगातार पुलिस घर पर आकर गिरफ्तार करने की धमकी दे रहे थे।

जिससे भैयालाल का स्वास्थ्य भी अचानक खराब हो गया था शनिवार परिवार वालों ने भैयालाल का इलाज़ कराया पर पुलिस की दहशत से उभर नही पाए और रविवार सुबह से घर से लापता थे।

ईंट भट्टे पर काम करने वाली महिलाओं ने जब पेड पर लटके किसी व्यक्ति को देख अचानक घबरा गई और विक्की प्रजापति को इसकी सुचना दी तब पता चला की शक्ति नगर में ही निवास करने वाले भैयालाल बेठे ने रस्सी के फंदे से फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा बनाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, सोमवार 9 फरवरी 2026

सिवनी राष्ट्रबाण

● बरघाट ● छपारा ● धनोरा ● घंसौर ● केवलारी ● कुरई ● लखनादौन ● सिवनी ग्रामीण

दो चोरी के मामले में 4 चोर गिरफ्तार

कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, चोरी में एक किशोर भी शामिल

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी कोतवाली पुलिस ने शहर में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों और एक विधि विवादित किशोर को आज दोपहर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में चोरी व नकबजनी के मामलों में लगातार कार्रवाई की जा रही है। पहली घटना 2 फरवरी 2026 की रात की है। मरझोर रोड स्थित पैराडाईस लॉन के सामने खड़े एक आईसर ट्रक से अज्ञात चोर ने बैटरी चुरा ली थी। प्रार्थी प्रतुल अग्रवाल, निवासी मरझोर रोड सिवनी, की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 89/2026, धारा 305(सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान, पुलिस ने ग्राम पिपरिया हथनापुर निवासी संदिग्ध रोशन सनोडिया की पहचान की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार करते हुए बताया कि उसने बैटरी को पैराडाईस लॉन के पास झाड़ियों में छिपा दिया था। पुलिस ने बैटरी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी घटना 4 फरवरी 2026 की रात को हुई। ईदगाह मस्जिद के पास एक चाय-पान की दुकान का ताला तोड़कर राजश्री गुटखा पाउच, बीड़ी के पुड़े, सिगरेट के पैकेट और नकदी चोरी कर ली गई थी। प्रार्थी विशाल डोले, निवासी अंबेडकर वार्ड सिवनी, की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 92/2026, धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर अजय सल्लाम, सूरज बरमैया और एक विधि विवादित किशोर को गिरफ्तार किया। इन सभी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने दोनों मामलों में चोरी का सामान जब्त कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस स्टाफ शामिल रहा।

आरक्षक जीडी भर्ती वर्ष 2025 के द्वितीय चरण की शारीरिक दक्षता परीक्षा 23 फरवरी से 10 मार्च तक

बैतूल| डेस्क
rashtrabaan.in

आरक्षक (जी.डी.) एवं आरक्षक (रेडियो) के कुल 7500 पदों पर भर्ती के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी मंडल भोपाल द्वारा ऑनलाइन परीक्षा 30 अक्टूबर 2025 से 15 दिसंबर 2025 तक आयोजित कराई गई थी। उक्त परीक्षा का परिणाम दिनांक 25 जनवरी 2026 को वेबसाइट 222.द्दह्यड्ड.द्बश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर घोषित किया जा चुका है। सफल उम्मीदवार को अगले चरण के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा ली जाएगी। अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण एवं 800 मीटर दौड़, लम्बी कूद एवं गोला फेंक मध्यप्रदेश के 10 स्थानों पर 23 फरवरी से 13 मार्च 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से आरंभ होगी। ऑनलाइन परीक्षा में सफल उम्मीदवार मप्र.कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट से अपना सूचना पत्र डाउनलोड कर निर्धारित शारीरिक प्रवीणता परीक्षा स्थल पर पहुंचे। सभी उम्मीदवारों को उनकी निर्धारित दिनांक को ही पहुंचना आवश्यक है। उम्मीदवार को शारीरिक प्रवीणता के लिए जो दिनांक व स्थान सूचित किया जा रहा है उस दिनांक व स्थान में कोई परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा बालाघाट में एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच अभियान का आयोजन

उद्यमियों को मिली लगभग 6 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय मुंबई के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में, क्षेत्रीय कार्यालय छिंदवाड़ा के तत्वावधान में आज सेंट आरसेटी (आरएसईटीआई) बालाघाट में एमएसएमई क्रेडिट आउटरीच अभियान का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक की राष्ट्रव्यापी ÷एमएसएमई महोत्सव एवं क्रेडिट आउटरीच पहल÷ का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उनके व्यवसायिक विकास को गति देना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं राइस मिल संघ के पदाधिकारी श्री अंकित अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रमुख श्री कुमार उत्कर्ष ने की। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) श्री संजीव कुमार, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बालाघाट शाखा के प्रबंधक श्री माधव झा, आरसेटी निदेशक श्री एस. भोंडेकर, श्री अंकित लिल्हारे सहित बैंक अधिकारी, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। इस अभियान के तहत बैंक द्वारा उद्यमियों को कम ब्याज दरों पर विभिन्न प्रकार के ऋण उत्पादों की जानकारी दी गई। सेंट होटल, सेंट जीएसटी, सेंट संजीवनी, सेंट इंजीनियरिंग, सेंट सीए, सेंट बिजनेस लोन सहित अनेक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया, जिससे स्थानीय उद्यमियों को अपने कारोबार को बढ़ाने के नए अवसर प्राप्त हो सकें।

क्षेत्रीय प्रमुख श्री कुमार उत्कर्ष ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया उद्यमियों की हर वित्तीय आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहकों को बैंक परिवार का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि बैंक विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए सरकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहा है। एलडीएम श्री संजीव कुमार ने बालाघाट जिले की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 2023 से जिला वित्त विभाग को सीएम हेल्पलाइन में लगातार 'ए' ग्रेड प्राप्त हो रहा है, जो बैंकिंग कार्यों की कुशलता और सकारात्मक कार्यशैली को दर्शाता है। उन्होंने आरसेटी मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल वर्ष 2009 से देशभर में उद्यमिता विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

मुख्य प्रबंधक श्री माधव झा ने सरकारी योजनाओं में बैंक की सक्रिय भागीदारी का उल्लेख करते हुए कहा कि बैंक पीडीएस के अन्नदूत जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय समुदाय को सशक्त बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शाखाओं से कुल 13 ग्राहकों को एमएसएमई क्रेडिट के स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। इस दौरान लगभग 6 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए, जो राइस मिल, टी प्रोसेसिंग सहित अन्य लघु एवं मध्यम उद्योगों के विस्तार में सहायक सिद्ध होंगे। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

बैंक अधिकारियों ने उद्यमियों से अपील की कि वे अपनी आवश्यकतानुसार नजदीकी शाखा से संपर्क कर ऋण योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन कर उद्यमियों को अधिक से अधिक सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक, बैंक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। यह आयोजन सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की सामाजिक एवं आर्थिक जिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

सिवनी में 17 साल की 'लंगड़ी बाघिन' फिर दिखी

10 शावकों को दे चुकी जन्म, अब यह शारीरिक रूप से कमजोर

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में एक बार फिर 17 साल 7 महीने की मशहूर 'लंगड़ी बाघिन' पीएन-20 (टी-20) नजर आई है। कर्माझिरी रेंज के पर्यटन क्षेत्र में बाघिन नाला तालाब के पास उसकी मौजूदगी ने पर्यटकों और वन्यजीव प्रेमियों को उत्साहित कर दिया। पीएन-20 पेंच की सबसे उम्रदराज और चर्चित बाघिनों में गिनी जाती है।

10 शावकों को दे चुकी है जन्म

पीएन-20 का प्रजनन इतिहास पेंच के लिए बेहद अहम रहा है। उसने अलग-अलग वर्षों में कुल 10 शावकों को जन्म दिया। वर्ष 2021 में जन्मी मादा शावक पीएन-165 'लक्ष्मी' आज भी कर्माझिरी क्षेत्र में सक्रिय है।

बाघिन शारीरिक रूप से कमजोर

अत्यधिक आयु के कारण अब यह बाघिन शारीरिक रूप से कमजोर हो चुकी है और स्वयं शिकार करने में असमर्थ है। वन विभाग के अनुसार, उसे अन्य बाघों या तेंदुओं द्वारा छोड़े गए शिकार और छोटे वन्य प्राणियों से समय-समय पर भोजन मिल जाता है। पी.एन. 20 पेंच टाइगर रिजर्व की समृद्ध जैव विविधता और सफल बाघ संरक्षण प्रयासों का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। पीएन-20 का जन्म साल 2008 में हुआ था। वह विश्व प्रसिद्ध 'कॉलरवाली' बाघिन की बहन है। अपने सक्रिय दौर में इस बाघिन ने कर्माझिरी परिक्षेत्र के करीब 70व इलाके में अपना दबदबा बनाए रखा। आगे के पंजे में दिक्कत के कारण उसकी चाल अलग रही, इसी वजह से वह 'लंगड़ी बाघिन' के नाम से जानी गई। बावजूद इसके, जंगल में उसकी पहचान और प्रभुत्व कभी कम नहीं हुआ।

बालाघाट में पांच दिवसीय किसान कल्याण वर्ष 2026 कृषि मेले का भव्य शुभारंभ

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

आज 8 फरवरी 2026 से बालाघाट जिले में किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत पांच दिवसीय कृषि मेला एवं प्रदर्शनी का भव्य आयोजन प्रारंभ हुआ। यह आयोजन कमला नेहरू सामुदायिक भवन, सर्किट हाउस रोड बालाघाट में किया जा रहा है। मेले के साथ-साथ जिले में मिलेट्स (मोटे अनाज) के प्रचारङ्कप्रसार के उद्देश्य से ÷मिलेट्स रोड शो÷ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के पूर्व मंत्री श्री गौरीशंकर बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर एवं मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा मिलेट्स रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रोड शो जिले के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा, जिसमें मिलेट्स फसलों, उनसे बनने वाले व्यंजनों तथा उनके पोषण संबंधी महत्व की जानकारी आमजन तक पहुंचाई गई। मिलेट्स रोड शो में कृषक बंधुओं, कृषि विभाग के अधिकारियोंङ्ककर्मचारियों तथा कृषि आदान विक्रेता संघ की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंडों से लगभग 1000 से 1200 किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रोड शो के माध्यम से कोदो, कुटकी, रागी जैसे पारंपरिक मोटे अनाजों के उत्पादन एवं उपयोगिता के प्रति जागरूकता फैलाई गई। कृषि मेले में जिले के किसानों द्वारा उत्पादित कोदो, कुटकी, रागी के विभिन्न उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न तकनीकों एवं तत्वों का भी प्रदर्शन किया गया।

सिवनी के बंजारी माता मंदिर में चोरी

चोर दानपेटी ले उड़े, 40 हजार रुपए नकद गायब

सिवनी| संवाददाता
rashtrabaan.in

सिवनी जिले के धूमा थाना क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध बंजारी माता मंदिर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने शनिवार रात के समय मंदिर के दो ताले तोड़कर दानपेटी चुरा ली। धूमा पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना धूमा-गोटेगांव मार्ग पर स्थित बंजारी माता मंदिर में हुई। सुबह जब मंदिर के पुजारी नियमित पूजा के लिए पहुंचे, तो उन्होंने मुख्य द्वार के ताले टूटे हुए और दानपेटी गायब पाई। सूचना मिलने पर आसपास के ग्रामीण भी मंदिर परिसर में एकत्र हो गए।

40 हजार थे दानपेटी में

मंदिर के पुजारी ने बताया कि कुछ दिन पहले मंदिर परिसर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन हुआ था। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दानपेटी में लगभग 30 से 40 हजार रुपए की राशि दान की थी। आशंका है कि चोरों को इसी राशि की जानकारी थी, जिसके कारण उन्होंने मंदिर को निशाना बनाया। घटना की सूचना तत्काल धूमा पुलिस को दी गई। पुलिस दल मौके पर पहुंचा और मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

जल्द करेंगे आरोपियों को गिरफ्तार

इस संबंध में धूमा थाना प्रभारी डोमन सिंह मरावी ने बताया कि मंदिर में चोरी की सूचना मिली है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

लालबर्रा में विशाल हिंदू सम्मेलन आज

सरस्वती मैदान में हिंदुत्व की अलख जगाने दहाड़ेगी साध्वी सरस्वती शेरनी, सर्व हिंदू समाज का होगा समागम

बालाघाट| संवाददाता
rashtrabaan.in

संपूर्ण भारतवर्ष में जनवरी फरवरी माह में चल रही सर्व हिंदू समाज को जगाने के लिए हिंदू जनजागृति की लहर अब बालाघाट जिले के लालबर्रा की पावन धरा पर दस्तक देने वाली है। आज 9 फरवरी सोमवार को तहसील मुख्यालय में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है, जिसकी तैयारियों ने अब पूर्ण गति पकड़ ली है। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को जगाना संगठित करना, सशक्त और अपनी सांस्कृतिक जड़ों के प्रति जागरूक करना है।

प्रखर वक्ता साध्वी सरस्वती का ओजस्वी बौद्धिक होगा मुख्य आकर्षण

इस सम्मेलन की सबसे विशेष कड़ी प्रखर हिंदूवादी वक्ता साध्वी सरस्वती दीदी का आगमन है। अपनी ओजस्वी वाणी और प्रखर राष्ट्रवादी हिंदूवादी विचारों से हिंदू समाज में चेतना फूंकने वाली साध्वी जी का उद्बोधन इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु रहेगा। हिंदूवादी आयोजन समिति का विश्वास है कि उनका मार्गदर्शन युवाओं और मातृशक्ति में नई ऊर्जा का संचार करेगा।

कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुँचकर दिया आमंत्रण

हिंदू एकता के इस संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं की टोलियां घर-घर जाकर बुजुर्गों, युवाओं और माताओं-बहनों को ससम्मान आमंत्रित कर रही हैं। प्रत्येक हिंदू परिवार इस धार्मिक समागम का हिस्सा बनें, इसके लिए पीला चावल (अक्षत) भारत माता की फोटो, पत्रक देकर न्यौता दिया गया है।

तैयारियों में जुटे हिंदूवादी कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने में लगे हैं

लालबर्रा के इतिहास में इस सबसे बड़े धार्मिक समागम को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के समस्त हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारी- कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। धर्मप्रेमी बंधुओं और समाजसेवियों सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जा रहा है। आयोजन समिति ने समस्त सनातनी बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर अपनी हिंदू एकता और अपने धर्म के प्रति निष्ठा का परिचय दें। इसी भावना के साथ लालबर्रा अब उस ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहा है, जब सनातनी आस्था का सैलाब सड़कों पर होगा और हिंदुत्व की जय-जयकार पूरे जिले में सुनाई देगी।

कप्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग

संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध

संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433